परिशिष्ट II

**ग्रेड बी में विशेषज्ञ के लिए चयन योजना तथा पाठ्यक्रम**

**(क) चयन योजना :** उक्त पदों के लिए चयन निम्नलिखित तीन प्रश्नपत्रों में ऑनलाइन/लिखित परीक्षाओं तथा साक्षात्कार के द्वारा होगा। प्रत्येक प्रश्नपत्र 100 अंकों का होगा तथा अंतिम रूप से चयन के लिए प्रश्नपत्र I, प्रश्नपत्र II, प्रश्नपत्र III तथा साक्षात्कार में प्राप्त किए गए अंकों को गिना जाएगा।

| प्रश्नपत्र | परीक्षा का प्रकार | परीक्षा विषय | अवधि | प्रश्नों की संख्या | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रश्नपत्र -I | ऑनलाइन-वस्तुनिष्ठ | विशेषज्ञता के क्षेत्र में व्यावसायिक ज्ञान | 90 मिनट | 65 | 100 |
| प्रश्नपत्र -II | ऑनलाइन-वर्णनात्मक (कीबोर्ड की सहायता से टाइप किया जाना होगा) | अंग्रेजी (लेखन कौशल) | 90 मिनट | -- | 100 |
| प्रश्नपत्र -III | ऑफलाइन-वर्णनात्मक (प्रश्नपत्र कंप्यूटर पर प्रदर्शित किया जाएगा तथा उत्तर भारिबैंसबो द्वारा प्रदान की गई उत्तर पुस्तिकाओं पर लिखे जाएंगे) | विशेषज्ञता के क्षेत्र में व्यावसायिक ज्ञान | 90 मिनट | लगभग9-10 (जिसमें से 5 प्रश्नों का उत्तर उम्मीदवारों द्वारा दिया जाना होगा) | 100 |
| | कुल | | | | 300 |

i. केवल उन्ही उम्मीदवारों के प्रश्नपत्र-I के मूल्यांकन किया जाएगा जो सभी तीनों प्रश्नपत्रों के लिए उपस्थित होंगे।
ii. प्रश्नपत्र-I में प्रत्येक गलत उत्तर के लिए नकारात्मक अंकन होगा।
iii. केवल उन्ही उम्मीदवारों के प्रश्नपत्र-II तथा प्रश्नपत्र-III का मूल्यांकन किया जाएगा जिन्होंने प्रश्नपत्र-I में बोर्ड द्वारा निर्धारित न्यूनतम समग्र अंक प्राप्त किए हों।
iv. प्रश्नपत्र-I, प्रश्नपत्र-II तथा प्रश्नपत्र-III के लिए परीक्षा एक ही दिन दो सत्रों/पालियों में आयोजित की जाएगी। दो सत्रों/पालियों के बीच 60 मिनट का अंतराल होगा।
v. प्रत्येक पाली के लिए अलग-अलग प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। प्रश्नपत्र-I, प्रश्नपत्र-II तथा

प्रश्नपत्र-III के लिए समय सारिणी प्रश्नपत्र-I, प्रश्नपत्र-II तथा प्रश्नपत्र-III के लिए प्रवेश पत्र के साथ संबंधित उम्मीदवारों को भेजी जाएगी।

vi. प्रश्नपत्र-I तथा प्रश्नपत्र-III हिंदी तथा अंग्रेजी में तैयार किए जाएंगें (प्रोफेशनल कॉपी एडिटिंग के पद को छोड़कर)। प्रोफेशनल कॉपी एडिटिंग के पद को छोड़कर प्रश्नपत्र-III के लिए उत्तर हिंदी अथवा अंग्रेजी में लिखे जा सकते हैं।

vii. प्रोफेशनल कॉपी एडिटिंग के पद के लिए प्रश्नपत्र-I तथा प्रश्नपत्र-III केवल अंग्रेजी में ही तैयार किया जाएगा। इसके उत्तर अंग्रेजी में ही लिखे जाने होंगे।

viii. प्रश्नपत्र-II के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही लिखे जा सकते हैं।

ix. उम्मीदवार हिंदी अथवा अंग्रेजी में साक्षात्कार का विकल्प चुन सकते हैं।

x. साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या का निर्णय बोर्ड द्वारा किया जाएगा।

xi. अंतिम रूप से चयन प्रश्नपत्र I, प्रश्नपत्र II, प्रश्नपत्र III तथा साक्षात्कार में निष्पादन के आधार पर होगा।

xii. बोर्ड को अधिकार है कि वह अपने विवेकानुसार परीक्षा की तिथियों तथा समय को बदल सके।

xiii. परीक्षा के संबंध में अन्य जानकारी सूचना हैंडआउट में दी जाएगी जो परीक्षा के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जाने के समय उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध होगा।

**साक्षात्कार:** प्रश्न-पत्र I + प्रश्न-पत्र II + प्रश्न-पत्र III में प्राप्त समग्र अंकों के आधार पर उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए चुना जाएगा। साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के लिए न्यूनतम कट ऑफ अंकों का निर्धारण बोर्ड रिक्तियों की संख्या के आधार पर करेगा। साक्षात्कार के लिए चुने गए उम्मीदवारों के रोल नंबर उचित समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे तथा साक्षात्कार के लिए बुलावा पत्र पंजीकृत ई-मेल आईडी पर भेजा जाएगा। साक्षात्कार 50 अंकों का होगा। उम्मीदवार अपनी इच्छा के अनुसार हिंदी या अंग्रेजी में साक्षात्कार दे सकते हैं । अंतिम तौर पर चयन मेरिट सूची के आधार पर किया जाएगा जो उम्मीदवारों द्वारा प्रश्न-पत्र I, प्रश्न-पत्र II, प्रश्न-पत्र III तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों को जोड़कर बनाई जाएगी।

**(ख) परीक्षा के लिए प्रश्नपत्रवार पाठ्यक्रम:**

| प्रश्नपत्र | पद | पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| प्रश्नपत्र-II अंग्रेजी (लेखन कौशल) | **सभी** | अंग्रेजी का प्रश्नपत्र इस प्रकार बनाया जाएगा कि लेखन कौशल, अभिव्यक्ति तथा विषय की समझ का मूल्यांकन किया जा सके।<br>निबंध, सार लेखन, बोधगम्यता, व्यापार / कार्यालय पत्राचार |
| प्रश्नपत्र-I तथा प्रश्नपत्र-III | **फाइनेंस** | प्रश्नपत्र-I निम्नलिखित विषयों पर वस्तुनिष्ठ परीक्षा (विशिष्ट रूप से फाइनेंस)<br>क. भारतीय रिज़र्व बैंक के के दिशानिर्देश / परिपत्रों पर प्रश्न<br>ख. बासेल मानदंडों तथा क्रेडिट रिस्क, मार्केट रिस्क (ट्रेजरी रिस्क प्रबंधन, तरलता (लिक्विडिटी) प्रबंधन और बैलेंस शीट प्रबंधन सहित), ऑपरेशनल रिस्क और तनाव परीक्षण पर रिस्क प्रबंधन सिद्धांतों पर प्रश्न<br>ग. फाइनेंशियल लेखांकन पर प्रश्न<br><br>प्रश्नपत्र-III विषयपरक आकलन<br>क. क्रेडिट प्रस्ताव का विश्लेषण करना और इसे मंजूरी देना है या नहीं, इस पर टिप्पणियां देना<br>ख. स्वीकृत प्रस्ताव और खाता विवरण का विश्लेषण करना और सही खाता वर्गीकरण पर करना<br>ग. व्यापार रणनीति का विश्लेषण, आईसीएएपी दस्तावेज और बैंक की रिस्क धारणा पर पहुंचना।<br>घ. निवेश प्रस्ताव का विश्लेषण और किसी उत्पाद में निवेश करना है या नहीं के लिए अपनी टिप्पणियां देना अथवा निवेश के लिए दो उत्पादों में से चयन करना |
| | **डेटा एनालिटिक्स** | सांख्यिकी, संभाव्यता, वितरण, परिकल्पना परीक्षण और कान्फिडेंस इंटरवल, सहसंबंध और कोपुलस, रैखिक प्रतिगमन, मॉडलिंग चक्र की मूल बातें: एमए, एआर, और एआरएमए मॉडल; ईडब्ल्यूएमए और जीएआरसीएच मॉडल; बिजनेस डेटा माइनिंग; स्प्रेडशीट मॉडलिंग; एसएएस में बेसिक मॉडलिंग |
| | **रिस्क** | सांख्यिकी, संभाव्यता, वितरण, परिकल्पना परीक्षण और कान्फिडेंस |

| प्रश्नपत्र | पद | पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| | **मॉडलिंग** | इंटरवल, सहसंबंध और कोपुलस, रैखिक प्रतिगमन, की मूल बातें, फाइनेंशियल रिस्क के उपाय, तनाव परीक्षण, अस्थिरता (वालटिलिटी) तथा वितरण (डिस्ट्रीब्यूशन); क्रेडिट, बाजार, तरलता और ऑपरेशनल रिस्क की मुख्य अवधारणाएं; डिफ़ॉल्ट रिस्क मात्रात्मक पद्धतियां; बासेल समझौते; स्प्रेडशीट मॉडलिंग,<br>बैंकिंग उत्पाद और प्रक्रियाएं,<br><br>क्रेडिट रिस्क, मार्केट रिस्क तथा ऑपरेशनल रिस्क सहित रिस्क प्रबंधन, तनाव परीक्षण, बीसीबीएस प्रकाशन, आईएफआरएस और आईएनडी-एएस, विभेदित बैंक नियम (लघु वित्त बैंक इत्यादि), भारतीय रिजर्व बैंक के प्रमुख परिपत्र, भारतीय नियामक वातावरण के परिप्रेक्ष्य में बासेल III पूंजी नियम। |
| | **फारेंसिक ऑडिट** | फोरेंसिक एकाउंटिंग की बुनियादी बातों; धोखाधड़ी से संबंधित अवधारणाएं; रेड फ्लैग- अवधारणाएं और तकनीकें; फोरेंसिक ऑडिट से संबंधित भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय कानून; बिजनेस लॉ के साथ आईटी अधिनियम। |
| | **प्रोफेशनल कॉपी एडिटिंग** | **स्पेस के लिए टेस्ट:**<br>- लंबा, लघु, और माइक्रो: एक पाठ के तीन संस्करण<br>आवेदकों के पास प्रत्येक प्रति के तीन संस्करण प्रस्तुत करने की क्षमता होनी चाहिए प्रकाशन के लिए लंबा; बड़ी रिपोर्ट के कार्यकारी सारांश और प्रेस विज्ञप्ति के प्रारूपण के लिए संक्षिप्त तथा सोशल मीडिया द्वारा प्रसारित करने के लिए माइक्रो।<br><br>**कॉपी संपादन के लिए टेस्ट**<br>- विराम चिह्न और कठिन शब्द<br>प्रति संपादित करते समय आवेदकों का विराम चिह्न के उपयोग के लिए परीक्षण किया जाएगा। प्रति में कठिन शब्द नहीं होने चाहिए। ऐसे शब्द जो पाठक को समझने के लिए थोड़ा भारी हो सकते हैं को सरल बनाने के लिए प्रयास दिया जाना चाहिए ।<br><br>-व्याकरण<br>आवेदकों का व्याकरणिक उपयोग के लिए परीक्षण किया जाएगा।<br><br>- तथ्य जांचना और प्रूफरीडिंग<br>आवेदक को संपादित प्रति प्रस्तुत करने से पहले तथ्यों की जांच करनी |

| प्रश्नपत्र | पद | पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| | | चाहिए और प्रूफ ठीक से पढ़ना चाहिए।<br>**तकनीक के लिए परीक्षण**<br>- लेखन में संक्षिप्तता<br>संक्षेपण के माध्यम से इस पहलू पर आवेदकों का परीक्षण किया जाएगा।<br>- प्रतिलेखन<br>दी गई समय सीमा के भीतर ऑडियो / वीडियो प्रारूप का लिखित रिपोर्ट में रूपांतरण<br><br>- सरलीकरण<br>तकनीकी सामग्री का आम आदमी के लिए ब्लॉग शैली/ आसानी से समझने योग्य, पाठक अनुकूल सामग्री में रूपांतरण /<br>**टोन के लिए परीक्षण:**<br>सांस्कृतिक संवेदनशीलता और राजनीतिक यथातथ्यता<br>आवेदकों में प्रकाशित की जाने वाली प्रति की सांस्कृतिक संवेदनशीलता और राजनीतिक यथातथ्यता के मानकों पर जांच करने की क्षमता होनी चाहिए। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रति में किसी भी संस्कृति / समुदाय / धर्म की ओर पक्षपात नहीं है और यह किसी भी राजनीतिक झुकाव के प्रति उदासीन है।<br>**संपादन: अवधारणा, प्रक्रिया और महत्व**<br>• आवेदकों द्वारा संपादित की गई प्रति की वस्तुनिष्ठता, तथ्य, निष्पक्षता और संतुलन जैसे मानदंडों के आधार पर संपादकीय मूल्यों के लिए जांच की जाएगी।<br>• आवेदक को समय-समय पर प्रतिलिपि प्रस्तुत करने के लिए समयरेखा की चुनौती का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि सही रूप में तथा समय पर प्रति प्रस्तुत करना संपादक की प्राथमिक ज़िम्मेदारी है और कभी-कभी प्रति प्रस्तुत करने के लिए बहुत ही कम समय मिलता है।<br>• आवेदक में ऐसी प्रति प्रस्तुत करने की क्षमता होनी चाहिए जो अच्छी पाठ्य सामग्री हो तथा जो रुचि उत्पन्न करे;<br>• निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर आवेदक की प्रति बनाने और विज़ुअलाइजेशन के लिए परीक्षण किया जाएगा:<br>• शीर्षक और परिचय<br>• स्टाइलबुक और स्टाइल शीट<br>• समानार्थी और संक्षिप्त रूप का प्रयोग<br>• व्याकरण और विराम चिह्नों के सही उपयोग<br>• सामग्री के करारेपन के लिए<br>**अनुशंसित पाठ्य सामग्री:** |

| प्रश्नपत्र | पद | पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| | | विलियम स्ट्रंक, जूनियर और ई.बी. व्हाइट, द एलिमेंट्स ऑफ़ स्टाइल; पेंगुइन 2007<br>एडिटर ऑन एडिटर, एड. जेराल्ड ग्रॉस, तीसरा संस्करण (ग्रोव, न्यूयॉर्क, 1993) |
| | **ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट** | मानव संसाधन प्रबंधन (एचआरएम): एचआरएम के कार्य और क्षेत्र; एचआरएम के घटक; मानव संसाधन कार्यपालकों की भूमिका; अंतर्राष्ट्रीय एचआरएम - प्रबंधन प्रक्रिया और संगठनात्मक व्यवहार - नेतृत्व और निर्णय लेना - पारस्परिक और समूह प्रक्रियाएं - संगठनात्मक गतिशीलता - मानव संसाधन विकास (एचआरडी): एचआरडी की आवश्यकता; रणनीतियां और प्रणालियां; करियर योजना और विकास; क्षमता मानचित्रण; प्रदर्शन और संभावित मूल्यांकन; कोचिंग तथा मेंटरिंग; प्रशिक्षण और विकास; क्षतिपूर्ति और पुरस्कार प्रणाली; प्रोत्साहन राशि; प्रेरणा; मोरेल -<br>मानव संसाधन योजना: मानव संसाधन योजना की प्रक्रिया और कार्य; एचआर पूर्वानुमान तकनीक; कार्य का विश्लेषण और डिजाइन । कार्य का मूल्यांकन; भर्ती और चयन; कर्मचारी प्रवेशण, अभिविन्यास और समाजीकरण; उत्तराधिकार की योजना बनाना; पदोन्नति, स्थानांतरण और पृथक्करण - संगठनात्मक परिवर्तन - औद्योगिक संबंध (आईआर): आईआर की संकल्पना और क्षेत्र; आईआर के दृष्टिकोण; ट्रेड यूनियन और संघ; सामूहिक सौदेबाजी; कर्मचारी भागीदारी; कर्मचारी कल्याण; शिकायत हैंडलिंग; विवाद समाधान; अनुशासन; औद्योगिक संबंधों पर कानून, कार्य करने की स्थितियां, मजदूरी और सामाजिक सुरक्षा - एचआरएम में उभरते रुझान।<br>उपर्युक्त पाठ्यक्रम केवल सांकेतिक है पूर्ण नहीं है। |

## (ग) परीक्षा आयोजित करने का तरीका:

i. परीक्षा एक ही दिन में दो पालियों में आयोजित की जाएगी अर्थात प्रश्नपत्र-I तथा प्रश्नपत्र-II की परीक्षा पहली पाली में और प्रश्नपत्र-III की परीक्षा 29 सितंबर, 2018 को दूसरी पाली में आयोजित की जाएगी।

ii. **प्रश्नपत्र-I** (विशेषज्ञता के क्षेत्र में व्यावसायिक ज्ञान पर वस्तुनिष्ठ प्रकार) की परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की जाएगी और इसमें बहुविकल्पी प्रश्न शामिल होंगे।

iii. **प्रश्नपत्र-II** (वर्णनात्मक प्रकार अंग्रेजी) की परीक्षा में उम्मीदवारों के लिए अपेक्षित होगा कि वे कीबोर्ड की सहायता से कंप्यूटर पर उत्तर टाइप करें।

iv. **प्रश्नपत्र-III** (विशेषज्ञता के क्षेत्र में व्यावसायिक ज्ञान पर वर्णनात्मक प्रकार) की परीक्षा पेन / पेपर आधारित परीक्षा होगी जहां प्रश्न कंप्यूटर स्क्रीन पर प्रदर्शित किए जाएंगे।

v. बोर्ड को परीक्षा की तिथियों तथा समय को अपने विवेकाधिकार पर संशोधित करने का अधिकार है।